# लखनऊ, नगर निगम

त्रिलोक नाथ रोड, लालबाग, लखनऊ फोन–फैक्स–0522–2612639

ई–निविदा सू सं0 : 231/अ0पा0/2025-26 दिनांक : 31-01-2026

## पार्किंग संचालक का चयन किए जाने के दृष्टिगत ई–निविदा आमंत्रण सूचना

लखनऊ, नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न पार्किंग स्थलों की ई–निविदा पोर्टल–https://etender.up.nic.in पर तकनीकी एवं वित्तीय निविदा के आधार पर दिनांक 23.02.2026 को सायं 04:00 बजे तक ई–निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा शर्तों के अनुसार पार्किंग स्थलों हेतु आरक्षित कुल धनराशि के सापेक्ष निविदादाता द्वारा 25 प्रतिशत के बराबर की धनराशि नगर निगम, लखनऊ के बैंक खाता HDFC शाखा, हजरतगंज, लखनऊ खाता संख्या–50100238827209, IFSC code–HDFC 0000078, MICR–226240002 में RTGS/NEFT के माध्यम से जमा करना अनिवार्य होगा। निविदादाता को ई–निविदा के साथ निविदा प्रपत्र के मूल्य (1000+18% GST) कुल रू.1180.00 की उपरोक्त बैंक खाते में जमा रसीद की प्रति ऑनलाइन ई–निविदा पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य होगा, उपरोक्तानुसार निविदा प्रपत्र क्रय किये जाने की रसीद एवं आरक्षित धनराशि के सापेक्ष जमा की गई धनराशि के अभिलेख ई–निविदा तकनीकी विड के साथ अपलोड किया जायेगा। निविदा मूल्य किसी भी दशा में वापस नहीं किया जायेगा। निविदा सम्बन्धित नियम शर्ते यथा कार्य का नाम ,आरक्षित धनराशि/जमानत धनराशि एवं अन्य विवरण उपरोक्त ई–निविदा पोर्टल पर उपलब्ध है। उक्त ई–निविदा पोर्टल पर प्राप्त निविदाओं की तकनीकी बिड को तद्दिनांक को ही निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा (अवकाश की स्थिति मे अगामी कार्यदिवस ), जिस समय निविदादाता उपस्थित रह सकते हैं। किसी भी ई–निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार नगर आयुक्त, नगर निगम, लखनऊ में निहित होगा। नगर निगम सीमान्तर्गत पार्किंग स्थलों एवं उनकी आरक्षित न्यूनतम धनराशि का विवरण निम्नवत् है:–

| कम सं0 | पार्किंग स्थल का नाम | वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु आरक्षित न्यूनतम धनराशि (रू0 में) |
|---|---|---|
| 1 | हजरतगंज स्थित मल्टीलेबिल पार्किंग जोन–1 | 1,80,00,000.00 |
| 2 | अमीनाबाद झण्डे वाला पार्क स्थित भूमिगत पार्किंग जोन–1 | 1,30,00,000.00 |

प्रभारी अधिकारी (पार्किंग)

प्रतिलिपिः–

1. नगर आयुक्त महोदय को सादर अवलोकनार्थ।
2. अपर नगर आयुक्त महो0 को सादर को सूचनार्थ।
3. निविदा समिति के समस्त सदस्यों को सूचनार्थ।
4. कर अधीक्षक (प्रचार) को इस निर्देश के साथ कि निविदा सूचना दो स्थानीय दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित करायें।
5. प्रभारी अधिकारी निविदा सेल को वेबसाइट पर अपलोड कराये जाने हेतु।
6. केयर टेकर को नोटिस बोर्ड पर निविदा सूचना चस्पा किये जाने एवं अन्य आ0का0 हेतु।

प्रभारी अधिकारी (पार्किंग)

Scanned with CamScanner